राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा: 7 **विषय: हिन्दी**

PAPER CODE: 7013 **पूर्णांक: 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO– L-705 - अपने परिवेश में मौजूद लोक कथाओं और लोकगीतों के बारे में चर्चा करते हैं और उनकी सराहना करते हैं।

गतिविधि 1. लोकगीत पहचानें

शिक्षक भारत में गाए जाने वाले कोई दो लोकगीत विद्यार्थियों को सुनवाएँ। विद्यार्थियों से सुनाये गये गीतों को पहचानने के लिए कहे एवं उनसे यह भी पूछें कि इन गीतों का गायन किन राज्यों एवं किन अवसरों पर होता है ?

निर्देश: जानकारी निम्नानुसार पूरा करवायें

लोकगीत के बोल	प्रकार	राज्य	अवसर

गतिविधि 2. अँचल की प्रतिभाएं

छत्तीसगढ़ अंचल में महाभारत के सस्वर गायन की विधा का नाम बताइए एवं इस विधा के 3 प्रसिद्ध कलाकारों के नाम बताइए। इन कलाकारों के चित्र एकत्र कर छात्र उन्हें स्क्रैप बुक में चिपकायें।

गतिविधि 3. वाद्य यंत्र ये भी ....

छत्तीसगढ़ में लोकगीतों में बजाए जाने वाले पाँच परंपरागत वाद्य यंत्रों के नाम लिखकर उनके चित्र एकत्रित करें एवं स्क्रैप बुक में चिपकाएँ। छात्र इन वाद्य यंत्रों

को तैयार करने के विषय में जानकारी एकत्र कर कक्षा प्रस्तुत करें।

निर्देशः कक्षा को समूहों में बाँटकर प्रत्येक समूह को एक वाद्य यंत्र पर चर्चा करने के लिए कहें। आवश्यक जानकारी एवं रोचक तथ्य बच्चों से साझा करे।

खण्ड – 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-711 - पढ़ी गई सामग्री पर चिंतन करते हुए बेहतर समझ के लिए प्रश्न पूछते हैं।

गतिविधि 4. खगोलीय घटनाऐं

छात्र 26 दिसम्बर 2019 एवं 10 जनवरी 2020 को घटित खगोलीय घटनाओं के संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें एकत्रित करें एवं बताएं कि उपरोक्त् तिथियों में कौन सी घटना घटी थी इस घटना के संदर्भ में आपके मन में आने वाले कम से कम दो प्रश्नों की चर्चा कक्षा में करें।

निर्देश : शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि समाचार पत्रों के कटिंग स्क्रैप बुक या कोलाज के रूप में प्रस्तुत किये जायें। प्रत्येक समूह को अलग–अलग प्रश्न तैयार करने की सलाह दें।

गतिविधि 5. सड़क सुरक्षा सप्ताहान्त

शिक्षक सड़क सुरक्षा से संबंधित विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन करवायें एवं यातायात संकेतों को बच्चों के समक्ष दिखाकर उनसे संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहें।

निर्देश : शिक्षक यातायात सुरक्षा नियम एवं चिन्हों से संबंधित दस्तावेज़ राज्य परिवहन निगम से प्राप्त करें तथा इन पर प्रश्नोत्तरी अथवा छोटी–छोटी गतिविधियाँ तैयार कर कक्षा में क्रियान्वित करें।

गतिविधि 6. क्रिकेट क्या कहता है

वर्तमान में भारत एवं आस्ट्रेलिया के मध्य क्रिकेट मैच खेला जा रहा है।

इससे पूर्व हमारे देश ने किस देश के खिलाफ मैच खेला उसका नाम पूछें।

इन दोनों देशों के खिलाफ खेलने वाले 05 भारतीय खिलाड़ियों के नाम लिखें एवं उनके चित्र स्क्रैप बुक में चिपकाने को कहें।

छात्र यह भी बतायें कि इन 05 खिलाड़ियों ने पूरी श्रृंखला में कितने रन बनाये या कितने खिलाड़ियों को आउट किया?

चित्र एवं नाम	किस देश के खिलाफ खेला	बनाए गए रनों की संख्या	लिए गए विकेटों की संख्या

●●●